बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर बनीं

गुरुग्राम। राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी एसआरसीसी की छात्रा तनिष्का कोटिया और सनसिटी स्कूल की छात्रा रिद्धिका कोटिया को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए जिले का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया है। पिता अजीत कोटिया ने बताया कि वह कड़ी मेहनत कर सपनों को साकार करने में जुटी हैं। उनकी प्रतिभा को पहचानने के लिए वह प्रशासन के आभारी हैं। मां निधि कोटिया ने बताया दोनों बच्चियां खेलों के साथ-साथ पढ़ाई में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। हरियाणा राज्य शतरंज संघ के सचिव नरेश शर्मा और जिला सचिव ने दोनों बहनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह पढ़ाई और शतरंज के साथ-साथ समाज के उत्थान के लिए हमेशा अग्रसर रहेंगी। ब्यूरो